हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

04 मंडी में मक्का व सोयाबीन की आवक बढ़ी, वाहनों की...



07 बेमियादी हड़ताल पर जिले की सभी 622...





## खबर संक्षेप

### कोदो - कुटकी उपार्जन के पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसानों के हित में कोदो- कुटकी उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा 16 जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, मैहर, सतना, मऊगंज, बालाघाट एवं सिवनी में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 से 24 अक्टूबर तक पंजीयन किए जाने का निर्णय लिया गया था। अब तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक किया गया है।

### 14 हजार 727 किसानों से 25 हजार 999 टन सोयाबीन की खरीदी

**सीहोर।** प्रदेश में सोयाबीन की बिक्री के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने पंजीयन कराया है। सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। अभी तक 14 हजार 727 किसानों से 25 हजार 999 टन सोयाबीन खरीदी गई है। 27 अक्टूबर को 7 हजार 981 किसानों से 14 हजार 214 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। कृषि उपज मंडी उज्जैन में सर्वाधिक 529, देवास में 512, ताल में 486, इंदौर में 455, खातेगांव में 425, बैरसिया में 396, आगर में 376, सागर में 368, आष्टा में 339 और शाजापुर में 335 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। प्रदेश में सोयाबीन की बुवाई का रकवा वर्तमान में 53.20 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष 55.54 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ है। सोयाबीन खरीदी के प्रथम मॉडल भाव की घोषणा 7 नवंबर 2025 को की जाएगी।

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल 30 को सीहोर आएंगे



**सीहोर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 30 अक्टूबर को सीहोर के आरएके कृषि महाविद्यालय में एक समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वे नवनिर्मित कन्या छात्रावास भवन और एरोपोनिक्स इकाई का लोकार्पण करेंगे। इस लोकार्पण समारोह में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंषाना और कुलगुरु डॉ. अरविंद कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा।

## होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक की डिग्री लेकर एलौपैथिक दवाओं से झोलाछाप डॉक्टर कर रहा था मरीजों का इलाज

# दो कमरों में चल रहे अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग के अमले ने ताला डालकर किया सील

### स्वास्थ्य विभाग की टीम आने की भनक लगते ही संचालक डॉक्टर अस्पताल और मेडिकल स्टोर में ताला डालकर भागा चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



**इछावर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो मेडिकल संचालक ताला लगाकर फरार हो गया।

विकासखण्ड के वीरपुर डेम में अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पताल और मेडिकल स्टोर की जांच के लिए मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन टीम के आने की भनक लगते ही संचालक अस्पताल और मेडिकल स्टोर में ताले डालकर वहां से भाग निकला। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम को आरोपी डॉक्टर के खिलाफ बिना कार्रवाई किए ही लौटना पड़ा। हालांकि टीम के अधिकारी का कहना है कि वह उक्त अस्पताल और मेडिकल पर नजर बनाए हुए है। उनके खुलते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से संचालित हो रहे उक्त अस्पताल के संबंध में हरिभूमि द्वारा मंगलवार को एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और आनन फानन में वीरपुर डेम सेक्टर प्रभारी डॉक्टर रेखा लाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अस्पताल और मेडिकल स्टोर की जांच के लिए मौके पर भेजी गई थी।

खबर का असर

गौरतलब है कि पिछले दिनों हरिभूमि की टीम ने क्षेत्र के गांवों में संचालित हो रहे कई निजी अस्पताल और क्लीनिकों का जायजा लिया था । इस दौरान बेहद चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। अंचल में बड़ी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर मरीजों का ईलाज करते हुए मिले । कई डॉक्टरों के पास निर्धारित डिग्री, डिप्लोमा नहीं होने के बावजूद वह गांवो में घर - घर जाकर मरीजों का ईलाज कर रहे है। वहीं कई फर्जी डॉक्टर अपने मकान या किराएं के कमरों में क्लीनिक व अस्पताल खोलकर धड़ल्ले से मरीजों का ईलाज करते हुए दिखाई दिए। यह झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम ईलाज के नाम पर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उक्त चिकित्सक साधारण सर्दी - जुकाम, बुखार से लेकर गंभीर बीमारियों का उपचार करने का दावा कर मरीजों से मोटी रकम वसूल रहे है। टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलारडेम के तहत आने वाले वीरपुरडेम पहुंची । यहां चिकित्सक विकास विश्वकर्मा का दो कमरों में संचालित होते हुए अस्पताल दिखाई दिया, जिसमें आसपास के आदीवासी गांवों के दर्जनों मरीज ईलाज कराने के लिए बैठे हुए थे। जबकि कईयों को ड्रीप आदि लग रही थी। अस्पताल के कमरे से सटे ही एक छोटे से कमरे में मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा था। मरीजों का ईलाज कर रहे डॉक्टर श्री विश्वकर्मा से जब उनकी डिग्री के संबंध में जानकारी ली गई तो बताया कि उन्होने बीएचएमएस ( होम्योपैथी ) की डिग्री की है। जबकि वह मरीजों का उपचार एलोपैथी चिकित्सा पद्धति से कर रहे है। मरीजों ने बताया कि वह ड्रिप , इंजेक्शन आदि लगाने के साथ ही दवाई भी अपने मेडिकल से देते हैं। मरीजों का कहना है कि उक्त चिकित्सक ईलाज करने के साथ ही दवाई भी अपने मेडिकल स्टोर से ही देकर उनसे मोटी रकम वसूलते है। अस्पताल के रजिस्ट्रेसन के बारे में डॉक्टर द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई । इसी प्रकार क्षेत्र के ब्रिजीशनगर , दीवड़िया , आर्या, भाऊंखेड़ी , चेनपुरा, रामनगर, ढाबला, बावड़िया चोर , नादान, बोरदीकलां आदि गांव में भी झोलाछाप डॉक्टर घरों व दुकानों में क्लीनिक खोलकर मरीजों का ईलाज करते हुए मिले हैं। इसके बाद हरिभूमि अखबार द्वारा मंगलवार के एडिसन में एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी । इसके बाद सीबीएमओ डॉक्टर अंकित चांडक द्वारा वीरपुर डेम सेक्टर प्रभारी डॉक्टर रेखा लाल के नेतृत्व में फार्मासिस्ट, टेक्नीशियन आदि की एक टीम बनाकर वीरपुर डेम में संचालित निखिल मेडिको ड्रगिस्ट एण्ड केमिस्ट व अस्पताल की जांच के लिए भेजी । लेकिन टीम के आने की भनक लगते ही संचालक मेडिकल और अस्पताल में ताले डालकर वहां से भाग गए। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज ईलाज कराने आते हैं। डॉक्टर सामान्य बीमारी से लेकर गंभीर बिमारियों का ईलाज करने का दावा कर उनसे मोटी रकम वसूलते हैं।

### दिनांक 28 अक्टूबर को प्रकाशित खबर




### डिग्री होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक की और ईलाज कर रहे हैं एलोपैथिक दवाओं से

जिले में झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। कई होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक डिग्रीधारी डॉक्टर एलोपैथी दवाएं लिखकर इलाज कर रहे हैं, जबकि कई ऐसे फर्जी चिकित्सक भी हैं जिनकी क्लीनिक में ना नाम-पट्टिका है, ना ही पंजीयन। इन झोलाछापों को दवा दुकानदारों और नर्सिंग होम संचालकों का पूरा सहयोग मिलता है। यही कारण है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इनका नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। मरीजों से साधारण बीमारी के इलाज, दवा और जांच के नाम पर मोटी रकम ऐंठी जाती है। गलत दवा और खुराक से कई मरीजों की हालत बिगड़ रही है, गंभीर स्थिति में अस्पताल तक भर्ती करना पड़ रहा है और मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं।

### झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के स्वास्थ्य से खुलेआम कर रहे हैं खिलवाड़

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं। यह खुलेआम मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्थिति यह है कि कई डॉक्टरों के अस्पताल और खुद की दवाईयां है। यहां पर मरीजों से फीस तो नाममात्र की लेते है , लेकिन दवाईयों के जरिए मरीजों को बुरी तरह से ठगा जा रहा है। अनभिज्ञता के चलते मरीज इन चिकित्सकों की बातों में आकर महंगे दामों में दवाई खरीद रहे है। इससे मरीज आर्थिक नुकसान उठाने के साथ ही जान का जोखिम भी उठा रहे है, लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दें रहे हैं।

### ताले डालकर भागा संचालक

वीरपुर डेम गांव में अवैध रूप से अस्पताल संचालित होने का मामला संज्ञान में आते ही उसकी जांच के लिए वीरपुर डेम सेक्टर प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम मौके पर भेजी गई थी, लेकिन टीम पहुंचने से पहले ही मेडिकल और अस्पताल संचालक उनमें ताले डालकर वहां से भाग गए। फिलहाल दोनों संस्थाओं पर नजर रखी जा रही है।

**डॉ. अंकित चांडक,** सीबीएमओ इछावर

## जज बंगले के पास में स्थित हनुमान मंदिर में चोरी

# चोर दे रहे पुलिस को चुनौती दान पेटी तोड़कर ले गए नकदी

**सीहोर।** नगर में शासकीय जिला अस्पताल और नगर पालिका कार्यालय के पास स्थित एक हनुमान मंदिर में चोरी की घटना हुई है। चोर मंदिर की दान पेटी तोड़कर उसमें रखी राशि चुरा ले गए। चोरी का पता मंगलवार सुबह तब चला जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। यह मंदिर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के बंगले के बिल्कुल बगल में है, जिसके चलते व्यस्ततम इलाके में हुई इस चोरी से लोग हैरान हैं।

**सुबह पहुंचे श्रद्धालु तो टूटी मिली दान पेटी :** जानकारी के अनुसार, नगर में शासकीय जिला अस्पताल, नगर पालिका परिषद कार्यालय से कुछ ही दूरी पर पुरानी जेल की जमीन पर बंदी मुक्त हनुमान मंदिर स्थित है। यह मंदिर



जिला एवं सत्र न्यायाधीश के घर के बिल्कुल बगल में है। बताया गया है कि इसी हनुमान मंदिर में चोरी की घटना घटित हुई है। मंगलवार सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर की दान पेटी टूटी हुई है और उसमें से राशि गायब है।

### पुलिस को चोरों की चुनौती?

चोरी की घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी है। लेकिन दो बड़े शासकीय संस्थानों (अस्पताल, नपा) और मजिस्ट्रेट के घर के बगल में चोरी की घटना होने से सभी लोग अचंभित हैं। सीवन नदी चौराहा के नजदीक स्थित इस मंदिर में चोरी होना अपने आप में यह माना जा रहा है कि चोर अब पुलिस को भी चुनौती देने लगे हैं। व्यस्ततम इलाके में चोरी की घटना होने से सभी लोग आश्चर्यचकित हैं।

### अब मंदिरों को भी बना रहे निशाना

उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में चोर अब तक घरों और दुकानों को ही निशाना बनाते थे, लेकिन अब भगवान के मंदिर में भी चोर चोरी करने लगे हैं, जिससे लोगों की आस्था को भी ठेस पहुंची है।

# जनसुनवाई में किसान की गुहार, खेत का रास्ता रोका, दबंगों ने किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर निवासी किसान रूपसिंह वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर दबंगों पर कड़ी कार्रवाई और रास्ते पर से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। किसान रूपसिंह वर्मा ने बताया कि 23 अक्टूबर की सुबह करीब 7.40 बजे जब वह अपने भाई दीपक के साथ ट्रैक्टर लेकर कल्याणपुरा रोड पर स्थित अपने खेत में बोनी करने जा रहे थे, तभी उस पर जानलेवा हमला किया गया।

किसान रूपसिंह का आरोप है कि लखनलाल और उसके परिवार के अन्य छह सदस्य खेत के रास्ते पर आ गए और उनका ट्रैक्टर रोककर रास्ता निकालने से मना कर दिया। जब रूपसिंह ट्रैक्टर पीछे करने लगे तो आरोपी मोहित ने ट्रैक्टर के पीछे मोटर साइकिल खड़ी कर दी, जिससे उनका रास्ता बंद हो गया। रूपसिंह के अनुसार आरोपी लखनलाल ने सामने से पत्थर मारकर हमला किया, जो उनके सीधे हाथ में लगा। वहीं राजेश ने उनका पैर पकडक़र खींचा और मोहित ने किसी नुकीली चीज से बाएं हाथ में मारा, जिससे खून निकलने लगा।

### जान बचाकर भागे दोनों भाई

दोनों भाई जब ट्रैक्टर भगाकर भाग रहे थे तब आरोपियों ने पत्थर बरसाए, जिससे रूपसिंह और उनके भाई दीपक को पैर, हाथ और पीठ में चोटें आईं। उन्होंने बताया कि कल्याणपुरा मुख्य रास्ते पर पहुंचने पर भी आरोपियों ने आड़ी मोटर साइकिलें खड़ी करके रास्ता रोका और जान से मारने की कोशिश की, जिसके बाद दोनों भाई जान बचाकर दोबारा कल्याणपुरा गांव की तरफ भागे। इसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को बुलाया गया, जिसे देखकर सभी आरोपी भाग गए।

### एसडीएम-तहसीलदार को भी दिए आवेदन

किसान रूपसिंह वर्मा ने जनसुनवाई में कलेक्टर को बताया कि उन्होंने इस घटना की रिपोर्ट इछावर थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों द्वारा पूर्व में भी जान से मारने की कोशिश की जा चुकी है। रूपसिंह ने बताया कि रास्ते पर कब्जे को लेकर उनके द्वारा पहले भी कई बार तहसील कार्यालय, एसडीएम और तहसीलदार को आवेदन दिए गए हैं, परन्तु अभी तक किसी ने भी मौके पर पहुंचकर कोई कार्रवाई नहीं की और न ही रास्ता खुलवाया। किसान रूपसिंह वर्मा ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द उनके खेत पर जाने का रास्ता खुलवाया जाए साथ सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## एसडीएम-तहसीलदार ने किया सीहोर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

# किसान बोले : हमारे आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है भावांतर योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर द्वारा सभी अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों को मंडियों का सतत निरीक्षण करने और किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में एसडीएम तन्मय वर्मा एवं तहसीलदार डॉ. अमित सिंह ने सीहोर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नीलामी शेड, तुलाई प्रक्रिया, भुगतान पंजीयन एवं खरीदी की व्यवस्था देखी। उन्होंने मंडी सचिव को



निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए, किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा तुलाई और भुगतान की प्रक्रिया समयसीमा में पूरी हो। उन्होंने कहा कि जिले में भावांतर योजना का क्रियान्वयन किसानों के हित में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। शासन और प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य और समय पर भुगतान प्राप्त हो।

मंडी परिसर में किसानों में भावांतर योजना को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। किसानों ने कहा कि इस योजना ने उनकी मेहनत को उचित मूल्य दिलाने का भरोसा दिया है। किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई यह पहल उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष की रेस शुरू, बुदनी-आष्टा की चार नेत्रियों ने ठोकी दावेदारी सीहोर-इछावर से एक भी महिला नेता नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देश सीहोर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष की नवीन नियुक्ति के लिए संगठन सृजन अभियान के तहत रायशुमारी शुरू हो गई है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में महिला कांग्रेस नेत्रियों के बायोडाटा लिए गए।

हालांकि इस दावेदारी की रेस में एक रोचक तस्वीर सामने आई है। जिला अध्यक्ष पद के लिए कुल चार महिला नेत्रियों ने अपनी दावेदारी जताई है, इनमें बुदनी से 3 और आष्टा से 1 दावेदार हैं।

हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय सीहोर और इछावर विधानसभा क्षेत्र से एक भी महिला नेत्री ने दावेदारी नहीं जताई है। यह रायशुमारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में जिला प्रभारी चंदा चौहान और महक राणा के विशेष आतिथ्य में आयोजित की गई।

### गुलाब बाई ठाकुर ने फिर जताई दावेदारी

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहीं गुलाब बाई ठाकुर को हाल ही में प्रदेश महासचिव बनाया गया है। प्रदेश में पदोन्नति के बावजूद उन्होंने फिर से जिलाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष का नाम महिने भर में तय हो जाएगा।

**इछावर-सीहोर में महिला नेत्रियों का टोटा:** रायशुमारी में यह बात सामने आई कि जिला कांग्रेस के पास इछावर में महिला नेत्रियों का टोटा है।

वहीं जिला मुख्यालय सीहोर में भी सक्रिय महिला कांग्रेस नेत्रियों का अभाव दिख रहा है, यही वजह है कि इन दोनों क्षेत्रों से एक भी महिला नेत्री ने दावेदारी के लिए बायोडाटा नहीं दिया।

## खबर संक्षेप

### तय हुई सामूहिक विवाह की तिथियां

**सीहोर।** सीहोर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोहों की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने ये तिथियां तय की हैं, जिनमें राज्य और जिला स्तर से निर्धारित तारीखें शामिल हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, जिले और इसके निकायों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम 1 नवंबर (देवउठनी ग्यारस), 23 मार्च (बसंत पंचमी), 19 अप्रैल (अक्षय तृतीया) और 11 मई (जिला स्तर से निर्धारित एक अन्य तिथि) को आयोजित किए जाएंगे। योजना के तहत केवल वही जोड़े पात्र होंगे जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं। इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य है। प्रत्येक समारोह में न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों को शामिल किया जा सकेगा। सामूहिक विवाह में शामिल होने वाली प्रत्येक वधू को 49 हजार रुपए की सहायता राशि सीधे उसके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जमा की जाएगी। शेष 6 हजार रुपए सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन की व्यवस्थाओं पर जिला स्तर से व्यय किए जाएंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आवेदन जमा करने के लिए काउंटर बनाए जाएं और उन पर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि ई-केवाईसी या समग्र आईडी में दर्ज जानकारी के कारण ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पाता है, तो आवेदक को तत्काल लिखित में सूचित कर आवेदन वापस कर दिया जाए। ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद आवेदक को पावती उपलब्ध कराई जाए। आवेदन प्राप्त होते ही उसे जांच के लिए समिति को भेजा जाए। जांच के दौरान वर-वधू के पड़ोसियों का पंचनामा अनिवार्य रूप से लिया जाना चाहिए, जिस पर संबंधित वार्ड व ग्राम के पार्षद, वार्ड प्रभारी, पंच, सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के हस्ताक्षर होने चाहिए।

### स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी दी है। अब 13 नवंबर 2025 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन दिए जा सकते हैं। आवेदन के लिए बढ़ी हुई तिथि नियमित और संविदा कार्मिकों के साथ पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी लागू होगी। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्र में रहने वाले अनेक पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स कुछ कारणों से इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। कोई भी पात्र कर्मचारी या पेंशनर्स इस योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे, इसलिए कंपनी ने आवेदक की अंतिम तिथि बढ़ाई है। उन्होंने पात्र कर्मचारियों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द योजना का लाभ उठाने की अपील की।

## कृषि ऊपज मंडी में बड़ी संख्या में अपनी उपज लेकर पहुंच रहे किसानों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

# मंडी में मक्का व सोयाबीन की आवक बढ़ी, वाहनों की लगी लंबी-लंबी कतार, मुख्य मार्ग बना वन-वे

मंगलवार को सुबह से मंडी खुलते ही किसान बड़ी संख्या में उपज से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप सहित अन्य वाहन लेकर कृषि ऊपज मण्डी पहुंचे। मण्डी प्रांगण पर बने टीन शेड फूल होने से सड़क मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

कृषि उपज मंडी में मंगलवार को मक्का, सोयाबीन की बंपर आवक हुई। मंडी के मुख्य गेट पर वाहनों की कतारें लग गई, तो वहीं भोपाल इंदौर मुख्य मार्ग जाम की स्थिति बन गई। मुख्य मार्ग पर वाहनों की कतारे लगी हुई। मंडी में शाम तक उपज का तौल हुआ।

मंगलवार को सुबह से मंडी खुलते ही किसान बड़ी संख्या में उपज से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप सहित अन्य वाहन लेकर कृषि ऊपज मण्डी पहुंचे। मण्डी प्रांगण पर बने टीन शेड फूल होने से सड़क मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। मुख्य गेट से वाहनों को प्रवेश दिया गया। मंडी में उपज लेकर आए वाहनों से थोड़ी ही देर में पूरा मंडी परिसर भर गया। मंडी प्रशासन ने वाहनों को गेट पर ही रोक दिया। इससे गेट से मुख्य मार्ग पर स्टेट बैंक से लगाकर बस स्टैंड तक करीब एक किमी तक वाहनों की कतार लगी। मंडी गेट पर सोयाबीन भावांतर के किसानों पंजीयन को ओटीपी दिया जा रहा था। इस प्रक्रिया में समय लगने से वाहनों की कतार बढ़ गई। ओर किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**मुख्य मार्ग पर घंटों इंतजार मंडी के दोनों गेट पर वाहनों की लंबी कतार :** ट्रैक्टर-ट्रॉली अन्य वाहनों की नीलामी शुरू कर मंडी प्रशासन ने उपज का तौल ट्रैक्टर-ट्राली में कराया।



वाहन में उपज की नीलामी हुई तथा इलेक्ट्रानिक कांटे पर तौल कराया। इस दौरान तोल काटे पर वाहनों भी भीड़ उमड़ पड़ी किसानों का कहना है उपज लेकर आए नीलामी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। सुबह से वाहन लेकर आए और शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली मंडी में पहुंची। पूरे दिन धूप में भूखे प्यासे तपते रहे।

### कृषि ऊपज मंडी में मक्का सोयाबीन आवक बढ़ी किसानों होते रहे परेशान

दीपावली अवकाश के बाद से कृषि ऊपज मंडी में रोज़ाना मक्का सोयाबीन की आवक हो रही है। आवक के चलते किसानों से लेकर कर्मचारियों तक को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंगलबार को किसान सड़क पर वाहनों पर बैठे हुए धूप से बचने नज़र आए तो उन्हे घंटों इंतजार करना पड़ा। नवीन कृषि ऊपज मण्डी का निर्माण कार्य भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। जिससे किसानों को सड़कों पर वाहनों के साथ घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इधर 6अक्तूबर को किसान रैली के दौरान मंडी प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया गया था कि मक्का फसल की नीलामी नवीन कृषि ऊपज मण्डी प्रांगण में ही होंगी। लेकिन बारिश के चलते नवीन कृषि ऊपज मण्डी प्रांगण में मिट्टी कीचड़ में लतपथ हो गई। अब इस स्थिति में किसान ऐसे ही सड़कों पर इंतज़ार करते दिखाई देंगे।

### भावांतर योजना में सोयाबीन ऊपज लेकर किसान पहुंच रहे मंडी

24अक्टूबर से सोयाबीन ऊपज भावांतर योजना अंतर्गत खरीदी शुरू हो गई है। किसान अपनी सोयाबीन फसल भावांतर योजना में किसान दस्तावेज साथ लेकर कृषि ऊपज मण्डी पहुंचे रहे हैं। मंडी प्रशासन ने भी किसानों को भावांतर के लिए सूचना जारी कर जरुरी दस्तावेज साथ लाने का कहा गया था। किसान से मंडी के गेट पर ही मोबाइल और पंजीयन मांगा गया। कर्मचारी मोबाइल पर ओटीपी का मैसेज मंडी कार्यालय के सिस्टम में दर्ज करने पर उपज खरीद होगी।

# हाऊसिंगबोर्ड रेल्वे ओवर ब्रिज में दोनों तरफ सर्विस रोड की मांग को लेकर धरना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ब्रिज कार्पोरेशन और रेल्वे विभाग द्वारा हाऊ सिंग बोर्ड कॉलोनी रेल्वे क्रासिंग पर रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते कई तरह की अनियमित्ताऐं की जा रही है। जिसकी शिकायत ज्ञापन के माध्यम से समस्त शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोगों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई है। उक्त रेल्वे ओवर ब्रिज रेल्वे क्रासिंग के पास पं.दीनदयाल नगर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, कृष्णा नगर, संतोष नगर और हाऊसिंगबोर्ड कॉलोनी फेस-2, बस्ती, शांति बिहार इत्यादि कॉलोनी के लगभग पांच हजार लोग निवास करते हैं। जिनका आने-जाने का एक मात्र मार्ग मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल द्वारा बनाया गया हाऊसिंगबोर्ड कॉलोनी का मुख्य मार्ग था। जिसको निर्माण ऐजेन्सी द्वारा बंद कर दिया गया और ब्रिज से दोनों तरफ सर्विस रोड ना देते हुए एक तरफ से चडन्ने का व उतरने का मार्ग बनाया जो कि एक बड़ा दुर्घटना स्थल बनेगा। उक्त ब्रिज से सीहोर शहर के पांच बड़े पब्लिक स्कूल हैं, जिनमें हजारों बच्चे रोज स्कूल जाने-आने के लिये निकलते हैं, ब्रिज को सर्पाकार मोड़ दे दिया गया है। पैदल आने-जाने वालों के लिये भी कोई सीड़ी मार्ग नही है। उक्त सभी मागों को लेकर ब्रिज से लगी सभी कॉलोनियों के वरिष्ठ नागरिक व क्षेत्रीय लोगों के द्वारा मुख्य मांग ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड निर्माण को लेकर आज दिनांक 29 अक्टुबर 2025, बुधवार को प्रातः 10 बजे से निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जावेगा।

# अटेंडेंस पूरी, सिविल अस्पताल से डॉक्टर नदारद, मरीज परेशान



**बुधनी।** कहने को तो सिविल अस्पताल में दर्जन भर डॉक्टरों की पदस्थापना होने की बात कही जाती है और कागजों में उनकी उपस्थिति भी पूरी तरह से दर्शाई जा रही है तो फिर सवाल यह उठता है कि मरीज क्यों परेशान हो रहे हैं आखिर उन्हें इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है इस सवाल का जवाब जानने जब हमारे संवाददाता सिविल अस्पताल पहुंचे तो ज्यादातर डॉक्टरो के कक्ष में ताले लटके हुए पाए गए ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि जब डॉक्टरों की गैर मौजूदगी के चलते मरीज परेशान हो रहे हैं सोमवार सुबह 11बजे अस्पताल में तीन डॉक्टर उपस्थित पाए गए जबकि जिम्मेदारों का कहना है कि सात डॉक्टर उपस्थित हैं उल्लेखनीय है कि सिविल अस्पताल घोषित होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की थी वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस मामले को विधायक रमाकांत भार्गव के समक्ष भी रखा था जिस पर दर्जन भर डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी लेकिन अब जन प्रतिनिधियों के इस प्रयास पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है डॉक्टर अपनी ड्यूटी से नदारद पाए जाते हैं अधिकतर कर्मचारी भी अपनी मनमर्जी से अस्पताल पहुंचते हैं जबकि मरीजों की संख्या में दिन ब दिन इजाफा होता जा रहा है और यह वाक्या पहली बार पेश नहीं आया है इससे पहले भी ऐसे मामले आते रहे हैं और कार्यवाही की बात की जाती रही है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। बताया तो यह भी जा रहा है कि डॉक्टरों की अटेंडेंस सार्थक ऐप के माध्यम से लगाई जाती है परंतु इसमें भी कोई नई तरकीब ईजाद कर ली गई है जिससे बिना अस्पताल पहुंचे भी उपस्थिति दर्ज कराई जा सकती है ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जब डॉक्टर अस्पताल आए ही नहीं तो फिर अटेंडेंस कैसे लगाई जा सकती है खैर मामला जो भी हो अब देखना यह होगा कि इतना सब हो जाने के बाद भी ऐसे डॉक्टरों पर क्या कार्यवाही की जाएगी। इस मामले में बीएमओ डॉक्टर डी बड़ोदिया कहते हैं अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जांच दल ने किया मेडिकल दुकानों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाले वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले की 8 मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिनमें सीहोर की सूर्या मेडिकल, सीहोर केमिस्ट, न्यू सीहोर केमिस्ट, ताहिर मेडिकल, विनायक मेडिकल, सीहोर फार्मेसी, भाग्य लक्ष्मी मेडिकल एवं फार्मा मेडिकल शामिल है। निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में साफ सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई। इसके साथ ही बच्चों को खांसी बुखार के दौरान दी जाने वाली कफ सीरपों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में संचालित तथा दवाओं के रिकॉर्ड न रखने वाली मेडिकल स्टोर्स को नोटिस जारी किया गया।

### अब छोटे मंदिर को भी विकसित करेगा धर्मस्व विभाग

**सीहोर।** प्रमुख देवी धाम सलकनपुर, उज्जैन के महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर, खजुराहो मंदिर आदि को धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के बाद अब सरकार ने अन्य छोटे मंदिरों को भी विकसित करने का योजना बनाई है। सरकार की मंशा के अनुसार धर्मस्व विभाग ने प्रदेशभर के शासकीय और प्राचीन मंदिरों के डेटा जुटाना शुरू कर दिया है। इसके लिए धर्मस्व विभाग ने कलेक्टर को पत्र लिखकर जिले के सभी मंदिरों और उनकी संपत्ति की जानकारी मांगी है, ताकि मंदिरों की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ मंदिर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की रूपरेखा बनाई जा सके। मंदिर को मान्यता के अनुसार धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## भोपाल में ओल्ड कैम्पियन ग्राउंड पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

# संभागीय बैंड प्रतियोगिता में दि ऑक्सफोर्ड स्कूल ने प्राप्त किया दूसरा स्थान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर के ब्रास बैंड दल ने भोपाल में आयोजित संभागीय बैंड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक शिक्षण , भोपाल संभाग (म.प्र.) द्वारा शास. नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल (ओल्ड कैम्पियन), भोपाल में आयोजित भोपाल संभाग स्तरीय बैंड प्रतियोगिता 2025 में दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर के ब्रास बैंड दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैंड प्रशिक्षक सुनील अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम से यह उल्लेखनीय उपलब्धि संभव हो सकी। इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर तथा संकुल प्राचार्या नीना सिंह ने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# छठ पर्व के कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा, दी शुभकामनाएं



**सीहोर।** भोजपुरी समाज का प्रसिद्ध छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी आयोजन स्थल पर पहुंचकर भोजपुरी समुदाय के लोगों को छठ पर्व की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा एवं जिला पंचायत की सीईओ सर्जना यादव भी मौजूद रहीं। इस दौरान श्री अरोरा ने कहा कि भोजपुरी समाज का छठ पर्व बेहद कठिन पर्वों में से एक है। यह पर्व भोजपुरी समाज के महिला और पुरुष दोनों श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाते हैं। छठ पर्व चार दिनों तक मनाया जाता है। महिलाएं 24 घंटे तक निराहार रहकर परिवार की खुशी के लिए पूजा पाठ करती हैं। इस दिन डूबते सूर्य देव को जल, दूध और फूलों से अर्घ्य दिया जाता है। महिला हो या पुरुष छठ व्रती दोनों पानी में खड़े होकर सूर्य देव की आराधना करते हैं। सीहोर नगर में भी भोजपुरी समाज के लोग इस पर्व को पूरी आस्था और विश्वास के साथ मनाते हैं। इस दौरान भोजपुरी समाज द्वारा श्री अरोरा का स्वागत सम्मान भी किया गया।

### सचिव विहीन पंचायतों का प्रभार जीआरएस को न सौंपने पर आक्रोशित हैं कर्मचारी

# बेमियादी हड़ताल पर जिले की सभी 622 पंचायतों के रोजगार सहायक

## मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी यह अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के सचिवीय अधिकार रोजगार सहायकों (जीआरएस) को सौंपे जाने के निर्देश सभी जिलों में प्रसारित कर रखे हैं। राजगढ़ जनपद सहित जिले की अन्य जनपदों में कई ऐसी पंचायतें हैं जहां पंचायत सचिव पदस्थ नहीं होने के चलते जनपदों द्वारा एक ही पंचायत सचिव को 2-2 पंचायतों का प्रभार दिया हुआ है। इसे विभाग के निर्देशों की सीधे-सीधे अवहेलना मानते हुए राजगढ़ जनपद के सभी जीआरएस विगत 13 अक्टूबर से कलमबंद हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल को जिले की अन्य जनपदों के सभी रोजगार सहायकों ने समर्थन देते हुए सोमवार से जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान कर दिया। इसके तहत जिले की सभी 622 पंचायतों के रोजगार सहायक सोमवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए और पहले अपनी मांगों का ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ के प्रतिनिधि को सौंपा। इसके उपरान्त सभी रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टेट पहुंचे और अपनी मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

### ये हैं रोजगार सहायकों की प्रमुख मांगे

ग्राम रोजगार सहायक संघटन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर सहित अन्य ब्लॉकों के अध्यक्षों ने बताया कि हमारी प्रमुख मांग है कि जिले में सचिव विहीन रिक्त ग्राम ग्राम पंचायतों में सचिवीय प्रभार ग्राम रोजगार सहायकों को सौंपा जाए। इसके साथ ही जनपद पंचायतों में अटैच रोजगार सहायकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया जाए। ग्राम रोजगार सहायकों से अन्य विभागों का अतिरिक्त कार्य न करवाए जाए एवं रोजगार सहायकों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान करवाया जाए।

### जिला पंचायत सीईओ से भी किया जा चुका है अनुरोध

जीआरएस संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि राजगढ़ ब्लॉक के साथी 13 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं। गत 24 अक्टूबर को जिला पंचायत सीईओ से भी आगृह करते हुए 3 दिवस में मांगों का निराकरण किए जाने का अनुरोध किया गया था। इसके बावजूद उच्चाधिकारियों से की तरफ से सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के चलते 27 अक्टूबर से सभी जीआरएस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

### ग्रामीण विकास विभाग के इस पत्र का दिया हवाला

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में मप्र पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 6 जुलाई 2013 को जारी पत्र का हवाला भी दिया गया है। उक्त पत्र उल्लेख है कि सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के प्रभार रोजगार सहायकों को सौंपे जा सकते हैं। जिले में शासन के इन निर्देशों की अवहेलना को लेकर सभी पंचायत सचिवों ने बेमियादी हड़ताल शुरू की है।

# महिला को जान से मारने की धमकी देकर युवक ने किया दुष्कर्म

## कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस एवं प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद महिला अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के तहत रविवार रात्रि एक 34 वर्षीय महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए एक युवक ने उसके साथ दुराचार की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने कोतवाली थाने में इस बारे में एफआईआर दर्ज करवाई है।

### क्या है पूरा मामला

पीड़िता रविवार रात्रि अपने घर के समीप ही थी तभी गांव का युवक सुरेश पिता बनवारी तंवर आया और बहाना बनाते हुए महिला को मकान के पीछे ले गया। पीड़िता के अनुसार युवक उससे जबर्दस्ती करने लगा। उसने रोकने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी दी। बाद में किसी तरह पीड़िता घर पहुंचे और परिजनों को पूरी आपबीती बताई। इसके उपरान्त सभी कोतवाली थाने पहुंचे और युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। कोतवाली पुलिस ने आरोपी सुरेश तंवर पर धारा 87, 64, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की है। घटना के बाद से ही आरोपी सुरेश फरार है। टीआई अखिलेश वर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित करते हुए सरगर्मी से उसकी तलाश की जा रही है।

# सकल पंच फूलमाली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 9 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सकल पंच फूलमाली समाज सारंगपुर के तत्वावधान में 9 नवम्बर दिन रविवार को मां अंजनी मैरिज गार्डन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों के अनुसार, कक्षा 5वीं, 8वीं में। ग्रेड, तथा 10वीं, 12वीं और स्नातक परीक्षा में 65ः या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज में तन, मन और धन से निरंतर सेवा देने वाले समाजसेवियों का भी विशेष सम्मान मंच से किया जाएगा ।जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से समाजसेवी आयोजन की तैयारियों में बढ़-चढ़कर सहयोग दे रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में सदस्य आकर श्रमदान, आर्थिक सहयोग और सेवा भाव से आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में हजारों समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने समाज नचसपजिउमदज में निरंतर योगदान दिया है।

समाज के वरिष्ठ सदस्य शिवनारायण पुष्पद (काका) अध्यक्ष (सकल पंच फूलमाली समाज सारंगपुर), कैलाश भगत प्रेमनारायण पुष्पद (कीड़ी), कैलाशचंद्र वर्मा, रवि पुष्पद धनसिंह पुष्पद (भेरू दरवाजा तथा सचिव गोरीलाल पुष्पद एवं आयोजन समिति अध्यक्ष संतोष पुष्पद ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम का समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## समय-सीमा बैठक में तल्ख तेवर में नजर आए कलेक्टर

# उप संचालक कृषि पर 5 हजार का जुर्माना, एलडीएम पर भी कार्रवाई



**राजगढ़**। हर सोमवार आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के समाधान नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इससे जिले की रैंकिंग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन मामले के निराकरण में लापरवाही पर उप-संचालक कृषि सचिन जैन पर जहां 5 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया वहीं एलडीएम पर कार्यवाही करने हेतु वित्त आयुक्त को कार्यवाही करने अनुशंसा की गई है। बैठक में ई-ऑफिस में लंबे समय से पेंडेंसी फाईलों का समाधान नहीं किए जाने पर सात कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए गए। इन अधिकारियों में कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, कलेक्ट्रेट कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक भी शामिल हैं। साथ ही तहसीलदार ब्यावरा द्वारा ई-ऑफिस में 30 दिवस से अधिक समय तक लॉगिन नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### शिकायतों के समाधान में नहीं दिखाई रुचि

बैठक में बताया गया कि समाधान शिकायतों को अब टीएल बैठक में शामिल किया जाएगा ताकि उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित हो सके। साथ ही सितम्बर माह की समीक्षा के दौरान पाया गया कि सहायक संचालक हथकरघा सुश्री दिव्या पंवार, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री जे.के. ठाकुर का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा और वे शिकायतों के समाधान में सबसे नीचे रहे। कलेक्टर ने लंबित अवमानना प्रकरणों के उत्तर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पासपोर्ट कार्यालय और डाकघर भवन के स्थान का शीघ्र निर्धारण करने के निर्देश भी दिए।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पुलिस ने किया था नजरबंद

# जिपं अध्यक्ष से हुए दुव्र्यवहार पर दिग्विजय ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 18 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यावरा में फसल क्षति का मुआवजा वितरण सहित भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रमों में शिरकत करने आए थे। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा छपवाए गए आमंत्रण पत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया का नाम भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल था।

मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया को पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल पर जाने से बीच में रोकते हुए उन्हें कस्टडी में लेते हुए नजरबंद कर दिया था। जिपं अध्यक्ष के साथ हुए इस दुव्यवहार को लेकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखते हुए जिला प्रशासन जिपं अध्यक्ष चंदर सौंधिया के साथ किए गए इस व्यवहार की निंदा की है। पत्र में उल्लेख है कि राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त जिपं अध्यक्ष से पुलिस बल द्वारा किए गए अमानवीय व्यवहार ने पंचायतराज की आत्मा को लहुलुहान किया है।




### दोषियों पर कार्रवाई की रखी मांग

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ हुई उक्त घटना को अमानवीय और अपमान जनक व्यवहार करार देते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इसके साथ ही घटना में दोषी पाए जाने वाले प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्यवाही की मांग उन्होंने रखी है। पत्र में उल्लेख है कि जिला प्रशासन को इस कृत्य के लिए राज्यमंत्री दर्जाधारी चंदर सौंधिया से मांफी मांगनी चाहिए।

# औपचारिक बनकर रह गया खिलचीपुर जनपद में लगा दिव्यांग शिविर

## दोपहर बाद आए हितग्राही बिना पंजीयन के वापस लौटे

**खिलचीपुर**। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सोमवार को खिलचीपुर के जनपद कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र ओर यूडी आईडी बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिषद व जनपद के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। शिविर में लगभग दोपहर 2 बजे ही उपस्थित डॉक्टर प्रियंका यादव, अभिषेक सिसोदिया, योगेश दांगी लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए गायब हो गए।

जनपद ओर नगर परिषद के कर्मचारी ही 2 बजे बाद दिखाई दिये ऐसे में दूर दराज से आए लोग अपने प्रमाण पत्र बनवाये बिना ही दबे पांव वापस हो गए।



15 किलोमीटर दूर सनखेड़ाकला गांव से आए रामगोपाल ने बताया कि शिविर में डॉक्टर साहब मौजूद नहीं है अब ऐसे में हम अपना विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए अब हमें राजगढ़ किराया खर्च कर मजदूरी खोटी कर जाकर प्रमाण पत्र बनवाना पड़ेगा ।

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विजय सोनी ने बताया अभी कि शिविर में दोपहर तक करीबन 40 हितग्राहियों का पंजीयन हो चुका है, डाक्टर साहब चले गए तो हम क्या करें हम वरिष्ठ अधिकारी से थोड़ी मना कर सकते हैं। डॉक्टर साहब को वापस बुलाने हेतु सूचना भेजी जा रही है। शिविर में मौजूद कुछ हितग्राही बिना पंजीयन कराये प्रशासन को कोसते हुए वापस लौट गए।

### दिवाली मिलन समारोह का किया आयोजन

**जीरापुर**। पेंशनर्स संघ स्थानीय शाखा द्वारा पेंशनर्स भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद सहित समस्त उपस्थित पेंशनरों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सबके मंगलमय दीर्घायु जीवन की कामना की। जहां पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति एसडीएम आरएन कुशवाह मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्राचार्य बीएम गुप्ता एवं ठाकुर मोहनसिंह जमीदार चुन्नीलाल कुशवाह ने की।इस अवसर पर पेंशनर्स संघ ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चाएं की , जिसमें महंगाई भत्ता स्वीकृत होने , नवंबर में जीवित प्रमाण पत्र देने , दुर्घटना बीमा करवाने एवं पेंशनरों को बैंकिंग कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उस पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा अंत में विगत एक वर्ष में जो 10 पेंशनर दिवंगत हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पेंशनर पंडित श्यामसुंदर शर्मा, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, शमशेर खान, फरीद कुरैशी, रमेश शर्मा कृषि, जेसी गुप्ता, आरसी चैरसिया, अशरफ खान, सुरेश भावसार महिला मोर्चा की सदस्य एवं अन्य पेंशनर उपस्थित रहे जहां संचालन मोहनलाल पुष्पद ने किया।

## पांडव पंचमी पर पांडव महाराज की शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर**। अखिल भारतीय बागरी समाज द्वारा नगर में श्री कृष्ण पांडव महाराज खाटू श्याम की शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से निकाली। नगर के आवास कॉलोनी छापी बांध के समीप स्थित श्री कृष्ण पांडव महाराज श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा शुरू हुई मध्य रास्ते में श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वहीं समाज जन हर्षोल्लास से भजनो पर नाचते गाते चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सामाजिक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठ लोगों ने उद्बोधन देते हुए शिक्षा संगठन एवं सामाजिक उत्थान पर जोर दिया कहा कि समाज की उन्नति के लिए पूरा समाज एकजुट होकर प्रयास करें। इसके पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण कर सहभोज किया। समाज बंधु घीसालाल परमार, अभा आदिम महासंघ प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण गुजराती, रतलाम मोहनलाल लोकोपाइलेट, गणपतलाल, मांगीलाल, रघुनाथ, नंदराम, प्रभु लाल, तराना बनेसिंह परमार, सिद्धनाथ, सुरेंद्र, संतोष, बिरमसिंह दुर्गा लाल, भेरू सिंह, मदनलाल, कंवरलाल, जगदीश, दिलीप करूलाल, कमल सहित बड़ी संख्या में है महिला पुरुष शामिल हुए।

## भावांतर योजना में किसानों से लूट, मंडी अधिकारी की तत्परता से मिला न्याय



**सारंगपुर**। कृषि उपज मंडी सारंगपुर में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन बेचने पहुंचे एक किसान ने एक व्यापारी पर 300 ग्राम अधिक तौलकर माल काटने की शिकायत की। किसान ने मंडी अधिकारी को मौखिक रूप से बताया कि व्यापारी उसके सोयाबीन की तौल में गड़बड़ी कर रहा है। शिकायत मिलते ही मंडी अधिकारी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच की और व्यापारी को समझाइश देते हुए किसान को 300 ग्राम सोयाबीन के बराबर राशि लौटाने के निर्देश दिए, जिसके बाद किसान को उचित भुगतान कराया गया।वही किसानों का कहना है कि कुछ व्यापारी किसानों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने से नहीं चूकते, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। मंडी प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी व्यापारी द्वारा इस प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों ने मंडी अधिकारी की तत्परता की सराहना की और मांग की कि मंडी में नियमित निरीक्षण किया जाए ताकि इस तरह की लूट पर पूर्ण विराम लगाया जा सके।

### विधायक मिले जलावर्धन योजना के आयुक्त से कहा निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करें

# जल आवर्धन योजना में दो माह से नहीं मिल रहा नगर को पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में पिछले दो महीनों से नलजल योजना ठप पड़ी है। वर्ष 2017 में म.प्र सरकार के एम.पी.यू.डी.सी द्वारा स्वीकृत करोड़ो रूपए की जल आवर्धन योजना के अंतर्गत रियान वाटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कुरावर नगर के 15 ही वार्डों में पाइप लाइन डालकर नल कनेक्शन के माध्यम से हर घर नलों से शुद्ध जल देना था परन्तु पिछले दो महीनों से नगरवासियों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिसका प्रमुख कारण चैन सिंह सागर बांध से लगे ट्रांसफार्मर के वोल्टेज कम होने के कारण बार बार मोटर पम्प के जलजाने के चलते तकनीकी परेशानी आ रही है जिसे विभाग हल नहीं कर पा रहा है। समस्या को गंभीरता से लेकर सोमवार दोपहर नरसिंहगढ विधायक मोहन शर्मा ने भोपाल पहुंच कर एम.पी.यू.डी.सी कार्यालय आयुक्त गोस्वामी से मुलाकात की तथा नगरवासियों को शीघ्र ही जल आपूर्ति की बात कही। निर्माण एजेंसी के विरुद्ध मापदंड अनुसार कार्य न करने, निर्माण एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने और योजना को चैन सिंह सागर बांध की अपेक्षा पार्वती परियोजना से जोड़ने की बात कही। उन्होंन कहा की जनप्रतिनिधियों को सूचना दिये बिना आधी अधूरी योजना को नगर परिषद को सौंप दी। श्री शर्मा ने एम.पी.यू.डी.सी के माध्यम से सख्त कार्रवाई करने की बात कही । इस पर आयुक्त श्री गोस्वामी ने कहा कि 75ः योजना पूर्ण होने पर जनप्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए उसके बाद नगर परिषद को योजना हैंडोवर हुई है। इस मोके पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती सिंह राजपूत बिलहरी, अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला चंद्रवंशी, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, अनिल दरबार, सरपंच मनोज कलावत भी उपस्थित थे।




### इनका कहना है...

हम एमपीयूडीसी की आयुक्त गोस्वामी से मिले हैं कुरावर नगर की जल आपूर्ति के संबंध में एवं निर्माण एजेंसी के द्वारा मापदंड अनुसार कार्य न करने पर उसे ब्लैकलिस्टेड व उसके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही है।

**मोहन शर्मा**
**विधायक नरसिंहगढ़**

# मीणा समाज सेवा संगठन जिला कार्यकारिणी घोषित



**कुरावर**। मीणा समाज सेवा संगठन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा रविवार को कुरावर स्थित निर्माणाधीन मीणा समाज धर्मशाला में कार्यक्रम के दौरान की गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष एवं कुरावर सरपंच बाबूलाल मीणा ने की। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमकिशोर मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री बृजकिशोर मीणा, प्रदेश महामंत्री राधेश्याम पचवारा, वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश पचवारिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रेखा मीणा, प्रदेश प्रचार मंत्री श्रीमती बबली मीणा, शिक्षक विक्रम मीणा, उपेंद्र मीणा, सरपंच गोविंद मीणा, भारत मीणा, अशोक मीणा (कांकरिया), शिक्षक रामराज मीणा, युवा जिला अध्यक्ष दिनेश मीणा, लक्ष्मीनारायण पचवारा, महेश भंडारी, ओमप्रकाश मीणा, महिला जिला अध्यक्ष शीला मीणा, लखन मीणा (नरसिंहगढ़), रमेश मीणा और रामप्रसाद मीणा सहित अनेक समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## कलेक्ट्रेट में होगा जिला स्तरीय समारोह

**सीहोर।** शासन द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवंबर से 3 नवंबर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम 01 नवंबर को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर सर्जना यादव ने आयोजन की व्यवस्था के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

### सीएम राइज विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय कला उत्सव में करेंगे मप्र का प्रतिनिधित्व

# राज्य स्तरीय कला उत्सव में तबला वादन में सीएम राइज स्कूल के छात्र का हुआ चयन

चयनित हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विधायक ने सम्मानित किया।


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राज्य स्तरीय कला उत्सव में तबला वादन में सीएम राइज स्कूल आष्टा के छात्र आशय जायसवाल ने मप्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब आशय जायसवाल मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए पुणे में राष्ट्रीय कला उत्सव में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी विद्यालय के छात्र कुनाल ठाकुर ने राज्य स्तरीय कला उत्सव में ठुमरी गायन में पूरे प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दोनो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया और कहा कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नही है और यह हम सबके लिए बहुत गर्व की बात है, कि राष्ट्रीय कला उत्सव में म.प्र. का प्रतिनिधित्व आशय जायसवाल द्वारा किया जाएंगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाई जाएंगी।

सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 से एनसीईआरटी के सहयोग से कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कला उत्सव का उद्देश्य स्कूली छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और प्रदर्शित करना है। यह कार्यक्रम छात्रों को नृत्य, संगीत, दृश्यकला और नाटक जैसी विभिन्न कलांओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है। इससे सांस्कृतिक विविधता और सौंन्दर्यबोध को प्रोत्साहन मिलता है और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसका सम्मान करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इसके साथ ही इससे छात्रों के कलात्मक और रचनात्मक कौशल के विकास में सहायता मिलती है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है।

आशय जायसवाल और कुनाल ठाकुर के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, एस.डी.एम. नितिन कुमार टाले, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह, प्राचार्य सितवत खान, प्रशिक्षक पंकज राव एवं विद्यालय के शिक्षक अंत्येश धारवां, असमा खानम, धीरज शर्मा, सतीश वर्मा, मनोज बड़ोदिया, विजय अडगले, पंकज कुमार, आशीष विश्वकर्मा,



शशिकांत प्रजापति, स्वाति राठौर, काव्या त्रिपाठी, एस.के. सिंगारिया, राजेश राठौर आदि ने दोनो को बधाई दी।

# कुबेरेश्वरधाम पर आज मनाया जाएगा अन्नकूट महोत्सव

### गोपाष्टमी पर ब्रजधाम की दिखेगी झलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बुधवार को होने वाले गोपाष्टमी को लेकर गोवर्धन पूजन की झांकी के अलावा 56 भोग सहित अन्य पूजा अर्चना की जाएगी। मंगलवार को ऑनलाइन शिव महापुराण के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अंधकार कोई पदार्थ नहीं होता है।

प्रकाश का अभाव होता है, जब प्रकाश आता है तो अंधकार और अज्ञान दूर हो जाता है। शिव पर विश्वास और भरोसा करने से हमें जीवन में उन्नति प्राप्त होती है। भगवान शिव का ध्यान करने से हमें पापों से मुक्ति मिलती है। उन्हें देवों के देव महादेव हर लेते है। महादेव हमेशा अपने भक्तों के निकट होता है। इस कलिकाल में सबसे सरल पूजा अगर किसी देव की है,तो वह देवाधिदेव महादेव की है। उन्होंने कहाकि शिव पुराण को सुनने मात्र से ही व्यक्ति के समस्त पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं और इससे शिवलोक में स्थान मिलता है। प्राचीन काल में एक नगर में देवराज नाम का एक ब्राह्मण रहता था. वह बहुत ही दुर्बल, दरिद्र, और वैदिक धर्म से विमुख था। वह किसी प्रकार का कोई धार्मिक कार्य भी नहीं करता और हमेशा धन अर्जित करने में ही लगा रहता था। वह सभी के साथ छल करता था और धोखा देता था। उसने कमाए हुए धन को कभी भी धर्म के काम में नही लगाया। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में धाम पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कुबेश्वर धाम पर जोरो शोरो से तैयारियां की जा रही है।

बता दें कि, हर साल की तरह इस साल भी सीहोर जिला मुख्यालय के पास चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में गोपाष्टमी को बृजधाम की झलक दिखाई देगी। हर साल यहां पर दीप पर्व के पश्चात अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी प्रदान की जाती है। गिरिराज जी के समक्ष छप्पन प्रकार से अधिक व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इस भोग में पोषक तत्वों वाली खाद्य सामग्री शामिल की जाएगी। इनमें करीब एक दर्जन से अधिक प्रकार की विभिन्न प्रकार की मिठाईयों के अलावा इम्युनिटी को मजबूत करने वाली औषधीय सामग्री जैसे तुलसी, नारियल, अदरक, दही, पनीर, आंवला, पालक, मैथी, ड्राय फ्रूट, कद्दू की सब्जी आदि के पकवान शामिल किए गए है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रकार की शुगर फ्री मिठाई भी बनाई जा रही है। दीपोत्सव के पश्चात प्रति वर्ष कुबेरेश्वर धाम पर समिति के द्वारा भव्य आयोजन किया जाता है। इस मौके पर मंदिर परिसर में 56 प्रकार की सामग्री से गिरिराज गोवर्धन का प्रतिरूप तैयार किया जाएगा। इसके अलावा रंगोली आदि का निर्माण किया जाएगा।

# भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय माधव महाकाल आरोग्य आश्रम, सेकड़ाखेड़ी रोड, सीहोर के सभा गृह में राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई सीहोर के बैनर तले भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार हीरालाल जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि परम गौभक्त राष्ट्रीय संत कथा वाचक पं. मोहितराम जी पाठक व विशेष अतिथि डॉ.अशोक पिचोनिया रहे। सर्व प्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। अतिथियों का समिति



अध्यक्ष लक्ष्मण चौकसे ने किया। सवरस्वती वन्दना गोविन्द लोवानिया ने की। गोष्ठी का संचालन डॉ.विजेन्द्र जायसवाल ने किया।

इस मौके पर पं. मोहितराम जी पाठक ने कहा कि आप सभी जानते हैं की कल्चुरी वंश का प्रारंभ महाराजा हैहय भगवान सहस्त्रबाहु जो कि भगवान विष्णु मां लक्ष्मी की पुत्र हैं उनसे प्रारंभ हुआ। इसलिए कल्चुरी समाज हैहय क्षत्रिय कहलाते हैं। देखा जा रहा है कि विगत कुछ वर्षों में हम सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से हमने समाज में अनेकों विसंगतियों को दूर करके नवीन जानकारियां प्राप्त करके समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। काव्यपाठ करने वाले कविगण हीरालाल जायसवाल, हीरालाल शर्मा, लक्ष्मण चौकसे, गोविन्द लोवानिया, डॉ.विजेन्द्र जायसवाल आदि ने काव्यपाठ कर गोष्ठी को ऊचाई प्रदान की। काव्यगोष्ठी में मुकेश राठौर, अजब सिंह मेवाड़ा, सुरेश सेन, मथुरा प्रसाद सेन, श्यामलाल चुतुर्वेदी, राजकुमार, राज मालवीय आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार समिति अध्यक्ष लक्ष्मण चौकसे ने माना।

## ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर किया 835 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 28 अक्टूबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 600 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 235 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 90 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

# पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सुराना एवं पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय का स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ता ब्रज कुमार सोनी ,पूर्व सरपंच मानसिंह गवाखेडा की भी मौजूदगी में जावर जोड़ पर स्वागत किया गया। स्वागतकर्ता में पूर्व नगर परिषद् जावर अध्यक्ष फूलसिंह मालवीय,मानसिंह भानाखेडी, राजा जावर जोड़ व अन्य कार्यकर्ताओं के बिच स्वागत हुआ।

पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सुराना सन 1992 से ही युवा मोर्चा की कमान संभालते हुए पार्टी के आदेशानुसार नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में एक मतदान दस जवान हर बूथ पर तैयार किये गए थे व उसके बाद युवा मोर्चा की कमान संभालने के बाद मण्डल अध्यक्ष उसके बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष सर्व सम्मति से बने व संगठन में भी इन्होने अपना कर्त्तव्य संभाला उसके बाद राकेश सुराना हर कार्यकर्तायों के बीच नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्ग हो या युवा उनके बिच खड़े होकर अपनी शेली से सभी का कार्य करने में भी पीछे नहीं थे



उसके बाद पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय के लिए जिसमें राकेश सुराना, ब्रजकुमार सोनी, बाबूलाल जैन आष्टा, अशोक राठौर, कृपाल सिंह, मानसिंह इलाई, विक्रम पटेल, देवकरण पाटीदार, रामू जाट, नविलाल जाट संतोष वर्मा मैना, जीवन सिंह मंडलोई, स्व.करणसिंह मेहतवाड़ा, मेहरवान सिंह पूर्व सरपंच खजुरिया जावर, कैलाश भीलखेडी, दौलत सिंह भीलखेडी आदि की भारतीय जनता पार्टी की टीम बनाकर पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सुराना ने पूर्व रघुनाथ सिंह मालवीय को भोपाल से दिल्ली तक जोर लगाकर भारतीय जनता का टिकेट लाकर आष्टा क्षेत्र जे रघुनाथ सिंह मालवीय को भारी मतों से जीत हासिल कराई थी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में ही संपर्क कर एक अलग ही पहचान बनाई है जो आज भी कुछ पुराने लोगों की यादें मुख पर है जबसे ही भारतीय जनता पार्टी आष्टा विधानसभा से जीतती आ रही है।

# पार्वती तट पहुंचकर मातृशक्तियों ने की छठ पूजा व्यवस्था का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

छठ पूजा एक प्रमुख हिंदू त्यौहार है जिसे मातृशक्तियों द्वारा किया जाता है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व सूर्य देवता और छठी माई की पूजा के लिए समर्पित है। छट के दिन नगर की मातृशक्तियां बड़ी संख्या में मां पार्वती नदी तट पहुंची और पवित्र पार्वती नदी की पूजा-अर्चना करने के पश्चात अस्त होते ही सूर्य देवता को नदी का जल अर्पण किया।

इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने पार्षद साथियों के साथ पार्वती नदी तट पहुंचकर नपा द्वारा की गई साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। साथ ही पार्वती नदी तट पर मौजूद मातृशक्तियों को छट माता की शुभकामनाएं दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि चार दिनों के दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्तियां व्रत रखने के साथ ही विशेष रूप से संतान सुख की प्राप्ति और



परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती है। कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि नहाय खाय से लेकर सप्तमी तिथि उगते सूर्य को अर्घ्य देने तक छठ पर्व मनाया जाता है। इस दौरान भगवान भास्कर और छठी मैया की पूजा-अर्चना की जाती है। छठ पूजा खास तौर पर संतान की कामना और लंबी उम्र के लिए की जाती है।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद कमलेश जैन, रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, पुजारी हेमंत गिरी, गौरखप्रसाद सोनी, दीनानाथ परमार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रहे।

### मॉडर्न स्कूल में विज्ञान पर आधारित मॉडल व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का किया आयोजन

# चंद्रयान से लेकर एंटी एक्सीडेंट सेनसर्ड बस जैसे कई माडॉल किए प्रस्तुत







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अशासकीय संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में प्रतिवर्ष के अनुसार सोमवार को विज्ञान पर आधारित मॉडल व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रायमरी विंग कक्षा-3री से कक्षा-5वीं, सेकेण्डरी विंग मिडिल सेक्षन से कक्षा-6टी से कक्षा-8वीं, सेकेण्डरी विंग हायर सेक्षन से कक्षा-9वीं से 12वीं तक एवं साथ ही अटल टिंक्रिंग लेब में भी छात्र/छात्राओं द्वारा मन मोहक व रोचक वर्किंग मॉडल्स तैयार किये गये। जिसमें स्मार्ट गोगल फार ब्लाईंड मेन, हूमन फोलोविंग रोबोट, एज फाईंडिंग रोबर, फ्लाइंग ड्रोन, हूमन हेल्पिंग रोबट, एन्टी एक्सीडेन्ट सेनसर्ड बस, मूविग हेन्ड, स्पेस रोबर, 3 होलो ग्राम प्रोजेक्टर, स्मार्ट गिटार आदि विषयो पर मॉडल बनाये गये। इसी के साथ अन्य कक्षाओं के छात्र/छात्राओं द्वारा बनाए गये प्रोजेक्ट व मॉडल में हाईड्रोलिक जेसीबी, वाटर डिस्पेन्सर, चन्द्रयान, रूम हिटर, रैन डिटेक्टर, डीजल इंजन, स्ट्रीम इंजन, मेप डिटेक्टर, मैथ फारमुला, पेन्डूलम, स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत, बारीष के जल का संघरण, ज्वालामुखी, वाटर हार्वेस्टिंग, सौर उर्जा, थर्मल पावर, विद्युत उत्पादन के वैकल्पिक साधनों, वर्षा चक्र, पर्यावरण संरक्षण, पेड़-पौधे एवं अन्य विधुत बैटरी, जल संषोधन, आदि विषयां पर प्रोजेक्टस तैयार कर बहुत सुन्दर एवं प्रभावषाली ढंग से प्रस्तुती की गई। इन सभी प्रोजेक्टस में सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र स्मार्ट गोगल फार ब्लाईंड मेन, हूमन फोलोविंग रोबोट, एज फाईंडिंग रोबर, फ्लाइंग ड्रोन, एन्टी एक्सीडेन्ट सेनसर्ड बस, मूविग हेन्ड, स्पेस रोबर, 3 होलो ग्राम प्रोजेक्टर, स्मार्ट गिटार रहा। प्रतियोगिता का उद्धेश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व विज्ञान के रहस्यो के प्रति गहन रूची, जिज्ञासा उत्पन्न करना है।

विद्यार्थीगणों में इस प्रतियोगिता के आयोजन व अपने प्रोजेक्ट की तैयारी व प्रस्तुति करण के लिये काफी उत्साह दिखा। यह अपने आप में एक बहुत ही अनूठा एवं सफल कार्यक्रम रहा। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले छात्र/छात्राओं को शाला के वार्षिक पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मानित व पुरूस्कृत किया जाएगा। संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विधायक ने 16 ग्राम पंचायतों में पानी के टैंकर के लिए 25 लाख की राशि स्वीकृत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र की 16 ग्राम पंचायत को 25 लाख 47 हजार 392 रुपए की लागत के 16 पानी के टैंकर स्वीकृत किए। लंबे समय से उक्त 16 ग्राम पंचायतो की ओर से पानी के टैंकर की मांग आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से ग्राम पंचायत की ओर से की जा रही थी। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भावना को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत उक्त राशि स्वीकृत की है। जल्द ही 16 ग्राम पंचायतो को पानी के टैंकर उपलब्ध कराये जायेंगे। मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया कि आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज ग्राम पंचायत कुण्डियानाथू, मुरावर, हरनिया गांव, भॅवरीकला, ग्वाला, बडोदिया गाडरी, नवरंगपुर, बमूलिया खींची, डाबरी, शम्भूखेड़ी, हीरापुर, अरनिया राम, झरखेड़ी, सिंगारचौरी अतरालिया एवं खटसुरा ग्राम पंचायत को पानी के टैंकर उपलब्ध कराये जाने हेतु 25 लाख 47 हजार 392 रुपये की राशि स्वीकृत की है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीयो, जनप्रतिनिधियों को बताया कि जल्द ही उक्त सभी पंचायतों को टैंकर उपलब्ध कराये जायेंगे। टैंकर स्वीकृत किये जाने पर सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों,मंडल अध्यक्षो,ग्रामीणजनों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया है।